Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/09/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | PUBLIC PROSECUTOR |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** रेलवे संरक्षण बल अधिनियम, 1957 के अनुसार, रेलवे संरक्षण बल के रखरखाव के लिए कौन सा प्राधिकरण उत्तरदायी है?

**Ans**
✔ A. केंद्र सरकार
✗ B. राज्य सरकार
✗ C. संबंधित रेलवे डिवीजन
✗ D. रेलवे बोर्ड

**Q.2** दंड के सुधारात्मक सिद्धांत का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

**Ans**
✗ A. अक्षमता (Incapacitation)
✔ B. पुनर्वसन (Rehabilitation)
✗ C. प्रतिफल (Retribution)
✗ D. प्रतिवारण (Deterrence)

**Q.3** भारत के संविधान में, किसी भी व्यक्ति पर एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार मुकदमा नहीं चलाया जाएगा और उसे दंडित नहीं किया जाएगा। इसे निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत मान्यता दी गई है?

**Ans**
✗ A. अनुच्छेद 24(1)
✗ B. अनुच्छेद 21A
✔ C. अनुच्छेद 20(2)
✗ D. अनुच्छेद 31

**Q.4** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 107 के तहत, B के कथन को मृत्युकालिक कथन मानने के लिए, A को यह साबित करना होगा कि ____________।

**Ans**
✔ A. B की मृत्यु हो गई है
✗ B. B का कथन मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किया गया है
✗ C. B मृत्यु के बारे में चिंतन कर रहा है
✗ D. B जीवित और स्वस्थ है

Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.5** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 9 के अनुसार, व्यथित महिला को घटना की तिथि से कितने समय सीमा (time frame) के भीतर लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत (complaint) दर्ज करानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. एक महीना
- ✗ B. छह महीने
- ✗ C. बारह महीने
- ✓ D. तीन महीने

**Q.6** रेलवे संपत्ति (विधि विरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1966 के अंतर्गत, रेलवे संपत्ति की चोरी करने के लिए, दूसरे या पश्चातवर्ती अपराध के के लिए, और विशेष और पर्याप्त कारणों के, जो न्यायालय के निर्णय में वर्णित किए जाएंगे, अभाव में, कारावास की न्यूनतम अवधि कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 18 महीने
- ✗ B. 1 वर्ष
- ✗ C. 3 वर्ष
- ✓ D. 2 वर्ष

**Q.7** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 5 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे अधिनियम के अंतर्गत कार्यों का निर्वहन करने के लिए उपयुक्त सरकार द्वारा जिला अधिकारी के रूप में नामित नहीं किया गया है?

Ans
- ✗ A. डिप्टी कलेक्टर (Deputy Collector)
- ✗ B. डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (District Magistrate)
- ✗ C. एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (Additional District Magistrate)
- ✓ D. जॉइंट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (Joint Additional District Magistrate)

**Q.8** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत, राज्य सरकारें दंड न्यायालयों की कितनी श्रेणियाँ गठित करने के लिए उपकृत हैं?

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 5

**Q.9** यदि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 125 के तहत दोषसिद्धि, अपील पर अपास्त कर दी जाती है, तो शांति बनाए रखने के लिए निष्पादित किए गए बॉन्ड (bond) का क्या होता है?

Ans
- ✓ A. यह शून्य हो जाता है।
- ✗ B. यह शून्यकरणीय हो जाता है।
- ✗ C. यह प्रवर्तनीय रहता है।
- ✗ D. इसे छह महीने तक बढ़ाया जाता है।

**Q.10** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अनुसार, किसी जिले में कार्यकारणी मजिस्ट्रेटों का प्रमुख कौन होता है?

Ans
- ✗ A. सत्र न्यायाधीश
- ✗ B. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
- ✓ C. जिला मजिस्ट्रेट
- ✗ D. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

**Q.11** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 329 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस आपराधिक अतिचार के मामले में गृह अतिचार माना जाएगा?

Ans
- ✗ A. किसी अन्य के भवन को खरीदना, निर्माण करना
- ✗ B. किराएदार के रूप में भवन किराए पर देना
- ✗ C. किसी अन्य के भवन को बेचना
- ✓ D. मानव आवास के रूप में उपयोग किए जाने वाले किसी भी भवन में रहना

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.12 रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20C के अनुसार, विशिष्टत: अधिग्रहण कार्यवाही से बाहर रखी गई भूमि पर क्षति पहुंचाने वाले कार्यों के पूरा होने के बाद प्रतिकर के संदाय के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी समयावधि निर्धारित की गई है?

Ans
- ✗ A. 2 माह के भीतर
- ✗ B. 3 माह के भीतर
- ✗ C. 9 माह के भीतर
- ✓ D. 6 माह के भीतर

Q.13 रेल अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित रेल भूमि विकास प्राधिकरण में निम्नलिखित में से कौन शामिल हैं?

Ans
- ✗ A. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकतम दो अन्य सदस्य
- ✓ B. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकतम चार अन्य सदस्य
- ✗ C. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकतम तीन अन्य सदस्य
- ✗ D. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकतम पांच अन्य सदस्य

Q.14 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 66 के अनुसार, किसे स्पष्ट रूप से परिवार के सदस्य के रूप में अर्ह होने से वंचित रखा गया है, जिसे विधिपूर्वक समन भेजा जा सकता है?

Ans
- ✓ A. नौकर
- ✗ B. पड़ोसी
- ✗ C. आवासी
- ✗ D. मित्र

Q.15 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत, सबूत का भार किस व्यक्ति पर होता है?

Ans
- ✗ A. जो तथ्यों का आकलन करता है
- ✓ B. जो तथ्यों का दावा करता है
- ✗ C. जो तथ्यों को दर्ज करता है
- ✗ D. जो तथ्यों से इनकार करता है

Q.16 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 14 के अनुसार, कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति और उनमें से एक को जिला मजिस्ट्रेट के रूप में नामोद्दिष्ट करने का प्राधिकार किसके पास होता है?

Ans
- ✓ A. राज्य सरकार
- ✗ B. उच्च न्यायालय
- ✗ C. सर्वोच्च न्यायालय
- ✗ D. केंद्र सरकार

Q.17 IPC की धारा 120A के अंतर्गत, आपराधिक षड्यंत्र से क्या तात्पर्य है?

Ans
- ✗ A. जब पाँच या अधिक व्यक्ति अवैध कार्य या अवैध तरीकों से कानूनी कार्य करने या करवाने को सहमत होते हैं, तब ऐसी सहमति आपराधिक षड़यंत्र कहलाती है।
- ✗ B. जब चार या अधिक व्यक्ति अवैध कार्य या अवैध तरीकों से कानूनी कार्य करने या करवाने को सहमत होते हैं, तब ऐसी सहमति आपराधिक षड़यंत्र कहलाती है।
- ✓ C. जब दो या अधिक व्यक्ति अवैध कार्य या अवैध तरीकों से कानूनी कार्य करने या करवाने को सहमत होते हैं, तब ऐसी सहमति आपराधिक षड़यंत्र कहलाती है।
- ✗ D. जब तीन या अधिक व्यक्ति अवैध कार्य या अवैध तरीकों से कानूनी कार्य करने या करवाने को सहमत होते हैं, तब ऐसी सहमति आपराधिक षड़यंत्र कहलाती है।

Q.18 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 125 के तहत, न्यायालय किसी दोषी व्यक्ति से शांति बनाए रखने के लिए अधिकतम कितनी अवधि तक बॉन्ड निष्पादित करने की मांग कर सकती है?

Ans
- ✗ A. 2 वर्ष तक
- ✗ B. 4 वर्ष तक
- ✓ C. 3 वर्ष तक
- ✗ D. 1 वर्ष तक

**Q.19** भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत, लुटेरों आदि के गिरोह से संबंधित होने की सजा क्या है?

Ans
- ✗ A. चार साल तक का कठोर कारावास और जुर्माना
- ✓ B. सात साल तक का कठोर कारावास और जुर्माना
- ✗ C. पांच साल तक का कठोर कारावास और जुर्माना
- ✗ D. तीन साल तक का कठोर कारावास और जुर्माना

**Q.20** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की किस धारा में यह प्रावधान है कि 'ऐसा कोई भी कार्य अपराध नहीं है जो निजी प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में किया जाता है'?

Ans
- ✗ A. धारा 32
- ✓ B. धारा 34
- ✗ C. धारा 33
- ✗ D. धारा 31

**Q.21** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 15 में कौन-सा शब्द यह निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या कोई व्यक्ति अदालत के आदेश के अंतर्गत कार्य करते समय प्रतिरक्षा का दावा कर सकता है?

Ans
- ✗ A. उपेक्षा (Negligence)
- ✗ B. द्वेषपूर्वक (Malice)
- ✗ C. सहमति (Consent)
- ✓ D. सद्भावपूर्वक विश्वास (Good faith)

**Q.22** भारत में निम्नलिखित में से किस अधिकार को मान्यता देने की न्यायिक प्रवृत्ति उत्साहवर्धक रही है और यह निजी संस्थाओं के विरुद्ध इसके प्रवर्तन के साथ-साथ सूचनात्मक निजता का एक सबसेट (subset) बनाता है?

Ans
- ✗ A. समानता का अधिकार
- ✗ B. संघ बनाने का अधिकार
- ✗ C. धर्म का अधिकार
- ✓ D. भूल जाने का अधिकार

**Q.23** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार, किसी विशिष्ट तथ्य के संबंध में सबूत का भार निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत प्रदान किया जाता है?

Ans
- ✗ A. धारा 105
- ✗ B. धारा 109
- ✓ C. धारा 106
- ✗ D. धारा 103

**Q.24** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 106 के अनुसार, कानूनी कार्यवाही में, जब कोई व्यक्ति न्यायालय से किसी विशेष तथ्य के अस्तित्व पर विश्वास करवाना चाहता है, तो ________________।

Ans
- ✗ A. उस तथ्य को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करने का भार न्यायालय पर होता है
- ✗ B. यदि तथ्य को अभिवचनों में स्वीकार कर लिया जाता है, तो प्रमाण का भार अप्रासंगिक हो जाता है
- ✓ C. प्रमाण पेश करने का भार तथ्य का दावा करने वाले व्यक्ति पर होता है, जब तक कि कानून में अन्यथा उल्लेख न किया गया हो
- ✗ D. प्रमाण का भार स्वतः ही विरोधी पक्ष को स्थानांतरित हो जाता है

**Q.25** रेल अधिनियम, 1989 के अंतर्गत, रेल सुरक्षा आयुक्त की शक्तियां निम्नलिखित में से किसके नियंत्रण में होती हैं?

Ans
- ✗ A. राज्य सरकार (State Government)
- ✗ B. मंडलीय रेल प्रशासन (Divisional Railway Administration)
- ✓ C. केंद्र सरकार (Central Government)
- ✗ D. रेलवे स्टेशन मास्टर (Railway Station Master)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.26** भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार, यदि 'Z' जो दिमागी रूप पर अस्वस्थ व्यक्ति है, A को मारने का प्रयास करता है, तो 'Z' किसी अपराध का दोषी नहीं है, लेकिन ______________ है।

**Ans**
- ✗ A. A को निजी प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि Z पागल था
- ✗ B. कानून उन्हें सजा के लिए अन्य अपराधियों के समान मानता है
- ✗ C. पागलपन के कारण हमला करने का अधिकार निलंबित कर दिया गया है
- ✓ D. A को निजी प्रतिरक्षा का वही अधिकार है जो उसे तब होता यदि Z स्वस्थ होता

**Q.27** भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत, ऐसे तथ्य जो मुद्दे में तथ्यों के अवसर, कारण या प्रभाव हैं, उन्हें __________ तथ्य माना जाता है।

**Ans**
- ✓ A. न्यायिक सुनवाई में प्रासंगिक
- ✗ B. न्यायिक सुनवाई में अप्रासंगिक
- ✗ C. न्यायिक अनुमोदन से स्वीकार्य
- ✗ D. न्यायिक सुनवाई में जनश्रुत-साक्ष्य

**Q.28** 'आपराधिक व्यवहार अंतरंग समूहों में संचार की प्रक्रिया में सीखा जाता है' निम्नलिखित में से किस सिद्धांत की व्याख्या है?

**Ans**
- ✗ A. पर्यावरण सिद्धांत (Environment theory)
- ✗ B. सहकर्मी सिद्धांत (Peer theory)
- ✗ C. सामाजिक-कानूनी सिद्धांत (Sociolegal theory)
- ✓ D. विभेदक संघ सिद्धांत (Differential association theory)

**Q.29** निम्नलिखित में से किस सूक्ति (maxim) के अनुसार, माता के गर्भ में पल रहे बच्चे को कई उद्देश्यों के लिए, विधिक कल्पना द्वारा पहले से ही जन्मा हुआ माना जाता है?

**Ans**
- ✗ A. यूबी जूस इबी रेमेडियम (Ubi jus ibi remedium)
- ✗ B. हैबियस कॉर्पस (Habeus Corpus)
- ✗ C. डैमनम साइन इंज्यूरिया (Damnum sine injuria)
- ✓ D. नासिटुरस प्रो जैम नाटो हैबेटुर (Nasciturus pro jam nato habetur)

**Q.30** भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 107 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी कार्य या अवैध चूक द्वारा किसी कार्य को करने में जानबूझकर सहायता करता है, उसे क्या कहा जाता है?

**Ans**
- ✗ A. प्रयास का दोषी होना
- ✓ B. उस काम को करने के लिए उकसाना
- ✗ C. गठित अपराध के लिए उत्तरदायी होना
- ✗ D. अपराधी होना

**Q.31** विधिशस्त्र सिद्धांत 'निमो डेट क्वॉड नॉन हैबेट (nemo dat quod non habet)' से क्या तात्पर्य है?

**Ans**
- ✗ A. किसी को भी अपने मामले में न्यायाधीश नहीं बनना चाहिए
- ✓ B. कोई भी वह नहीं दे सकता जो उसके पास नहीं है
- ✗ C. स्वामित्व, पूर्ण और शाश्वत होता है
- ✗ D. आधिपत्य, कानून का $\frac{9}{10}$ वां हिस्सा होता है

**Q.32** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 313 के अनुसार, अभ्यासतः चोरी या लूट करने की टोली (डाकुओं की टोली नहीं) से सहयुक्त होने पर, ________________।

**Ans**
- ✓ A. 7 वर्ष तक के कठोर कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा
- ✗ B. 3 वर्ष तक के साधारण कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा
- ✗ C. 10 वर्ष तक के साधारण कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा
- ✗ D. आजीवन कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा

**Q.33** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत, जब एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट का मानता है कि किसी व्यक्ति द्वारा शांति भंग करने की संभावना है, तो वह उस व्यक्ति से अधिकतम _________ अवधि के लिए शांति बनाए रखने के लिए बंधपत्र या जमानत बंधपत्र प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है।

Ans
- ✗ A. तीन महीने
- ✗ B. छह महीने
- ✓ C. एक वर्ष
- ✗ D. नौ महीने

**Q.34** रेल संरक्षण बल अधिनियम, 1957 में “अंडर ऑफिसर (under officer)” की परिभाषा क्या है?

Ans
- ✓ A. फोर्स में हेड कांस्टेबल या नायक के रूप में नियुक्त व्यक्ति
- ✗ B. फोर्स (Force) में सूबेदार के रूप में नियुक्त व्यक्ति
- ✗ C. फोर्स में सब-इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्त व्यक्ति
- ✗ D. फोर्स में चीफ इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्त व्यक्ति

**Q.35** भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत विक्षिप्तता (insanity) से संबंधित सामान्य अपवाद किस सामान्य कानून सिद्धांत पर आधारित है?

Ans
- ✓ A. एम'नाघटेन नियम (M'Naghten rule)
- ✗ B. पिनेल के मामले में नियम (Rule in Pinnel's Case)
- ✗ C. आर वी ब्लाउ में नियम (Rule in R v Blaue)
- ✗ D. डोली इनकैपैक्स का सिद्धांत (Doctrine of doli incapax)

**Q.36** भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत कौन-सी धारा, 'लुटेरों के गिरोह आदि से संबंधित होने के लिए सजा' से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. धारा 314
- ✗ B. धारा 311
- ✓ C. धारा 313
- ✗ D. धारा 312

**Q.37** विभेदक साहचर्य सिद्धांत (Differential Association Theory) के प्रतिपादन का श्रेय किसे दिया जाता है?

Ans
- ✓ A. एडविन एच सदरलैंड (Edwin H Sutherland)
- ✗ B. सेसारे बेकारिया (Cesare Beccaria)
- ✗ C. जॉन केलर मैथैस (John Keller Mathais)
- ✗ D. जेरेमी बेंथम (Jeremy Bentham)

**Q.38** किस ऐतिहासिक निर्णय ने स्पष्ट किया कि किसी अभियुक्त (accused) को बिना सहमति के नार्को एनालिसिस टेस्ट (narco-analysis test) के लिए बाध्य करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 20(3) का उल्लंघन है?

Ans
- ✗ A. साजन बनाम केरल राज्य (Sajan v. State of Kerala)
- ✓ B. सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (Selvi v. State of Karnataka)
- ✗ C. वासुकी बनाम तमिलनाडु राज्य (Vasuki v. State of Tamil Nadu)
- ✗ D. अबमेरेश बनाम AP राज्य (Abmereesh v. State of AP)

**Q.39** भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार, लोक न्यूसेंस किससे उत्पन्न हो सकता है?

Ans
- ✗ A. केवल सरकारी संपत्ति से संबंधित कार्य
- ✗ B. सार्वजनिक क्षति पहुंचाने वाले साशय किए गए कार्य
- ✗ C. केवल अनपेक्षित परिणामों वाली दुर्घटनाएँ
- ✓ D. सार्वजनिक क्षति पहुंचाने वाले कार्य और अवैध लोप दोनों

Adda247

Q.40 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत, आपराधिक न्यायालयों की श्रेणियां निम्नलिखित में से किस प्रावधान के तहत प्रदान की गई हैं?

Ans
- ✔ A. धारा 6
- ✗ B. धारा 7
- ✗ C. धारा 8
- ✗ D. धारा 10

Q.41 रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 5 के अनुसार, वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन हेतु रेलवे प्रशासन से 'उचित सुविधाएँ' प्राप्त करने का हकदार कौन है?

Ans
- ✗ A. रेलवे दावा न्यायाधिकरण
- ✗ B. महाप्रबंधक
- ✔ C. आयुक्त
- ✗ D. रेलवे सुरक्षा अधिकारी

Q.42 पूछताछ के दौरान (interrogation) गिरफ्तार व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील से मिलने का अधिकार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के __________ के अंतर्गत गारंटीकृत है।

Ans
- ✗ A. धारा 39
- ✔ B. धारा 38
- ✗ C. धारा 36
- ✗ D. धारा 37

Q.43 कानूनी सिद्धांतों के अनुसार, अजन्मे बच्चे के संपत्ति पर अधिकार कब मान्य होते हैं?

Ans
- ✗ A. जब वसीयत बनाने से पहले बच्चे का जन्म हो गया हो
- ✔ B. जब बच्चा जीवित पैदा होता है
- ✗ C. जब बच्चे को उत्तराधिकारियों द्वारा गोद ले लिया जाता है
- ✗ D. जब गर्भाधान के बाद पिता की मृत्यु के पश्चात बच्चे जन्म होता है

Q.44 महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत, _________ या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक नियोक्ता को एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन करना आवश्यक है।

Ans
- ✗ A. 12
- ✔ B. 10
- ✗ C. 7
- ✗ D. 15

Q.45 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20(3) के तहत, आत्म-अभिशंसन (self-incrimination) निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करता है?

Ans
- ✔ A. किसी अभियुक्त व्यक्ति को स्वयं के विरुद्ध साक्षी बनने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।
- ✗ B. किसी व्यक्ति को फिंगरप्रिंट या DNA जैसे भौतिक सैम्पल देने के लिए बाध्य किया जा सकता है।
- ✗ C. किसी व्यक्ति को हस्तलेख के सैम्पल देने के लिए बाध्य किया जा सकता है।
- ✗ D. व्यक्ति स्वेच्छा से लिखित या मौखिक रूप से अपराध स्वीकार करता है।

Q.46 भारत में किस ऐतिहासिक मामले ने यह मान्यता दी कि पशुओं को आंतरिक मूल्य (intrinsic worth) और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है?

Ans
- ✗ A. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा (2013) 7 SCC 547
- ✗ B. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा (2012) 7 SCC 547
- ✔ C. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा (2014) 7 SCC 547
- ✗ D. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा (2016) 7 SCC 547

Q.47 भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार, चित्त-विकृति (unsoundness of mind) की प्रतिरक्षा तलाश करने के लिए, मानसिक असमर्थता, ___________ मौजूद होनी चाहिए।

Ans
- ✔ A. कार्य के समय
- ✗ B. केवल कार्य के बाद ही
- ✗ C. पुलिस हिरासत के समय
- ✗ D. कार्य से पहले और कार्य के बाद

Q.48 भारतीय कानून में संपत्ति के अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत, अजन्मे बच्चे पर लागू होता है?

Ans
- ✗ A. निमो डेट क्वॉड नॉन हैबेट (Nemo dat quod non habet)
- ✗ B. डॉक्ट्राइन ऑफ प्रॉमिसरी एस्टोपल (Doctrine of promissory estoppel)
- ✗ C. निमो डेट क्वॉड लेक्स हैबेट (Nemo dat quod lex habet)
- ✔ D. डॉक्ट्राइन ऑफ रिलेशन बैक (Doctrine of relation back)

Q.49 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत, 'जमानती अपराध' का अर्थ एक ऐसा अपराध है जिसे ___________ में जमानती के रूप में दर्शाया गया है।

Ans
- ✗ A. तीसरी अनुसूची
- ✔ B. पहली अनुसूची
- ✗ C. चौथी अनुसूची
- ✗ D. दूसरी अनुसूची

Q.50 भारतीय संविधान के अनुसार, आत्म-दोषसिद्धि के विरुद्ध सुरक्षा __________ उपलब्ध होती है।

Ans
- ✔ A. किसी व्यक्ति पर औपचारिक रूप से किसी अपराध का आरोप लगने के क्षण से
- ✗ B. किसी अपराध के अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्षण से
- ✗ C. किसी अपराध के अभियुक्त द्वारा पहली बार अदालत में पेश होने की तिथि से
- ✗ D. किसी अपराध के अभियुक्त के विरुद्ध FIR दर्ज करने की तिथि से

Section : **General Ability**

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, पादपों को क्षतिग्रस्त ऊतकों को प्राणियों की तुलना में अधिक दक्षतापूर्वक पुनर्जीवित करने में सक्षम बनाती है?

Ans
- ✗ A. क्लोरोप्लास्ट की उपस्थिति
- ✔ B. विभज्योतकी ऊतकों की उपस्थिति
- ✗ C. एक दृढ़ कोशिका भित्ति
- ✗ D. एक बृहत् केंद्रीय रिक्तिका

Q.52 पुष्पीय पादपों में वर्तिकाग्र की सामान्य विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ A. सपोर्ट के लिए पतला और नुकीला
- ✔ B. परागकणों को पकड़ने के लिए अनुलग्नी (Sticky)
- ✗ C. मोटा और अंडे की कोशिकाओं को संग्रहित करता है
- ✗ D. संरक्षण के लिए रूक्ष और सूखा

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, फ्लोएम में स्थानांतरण की प्रक्रिया की सर्वोत्तम तरीके से व्याख्या करता है?

Ans
- ✔ A. यह एक सक्रिय प्रक्रिया है जिसमें ऊर्जा की आवश्यकता होती है।
- ✗ B. यह विसरण युक्त एक निष्क्रिय प्रक्रिया है।
- ✗ C. यह केशिका क्रिया के कारण होता है।
- ✗ D. यह गुरुत्वीय कर्षण के कारण होता है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से, FAEG का संबंध MHLN से है। उसी प्रकार, IDHJ का संबंध PKOQ से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, LGKM का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✔ A. SNRT
- ✘ B. NSTR
- ✘ C. SNTR
- ✘ D. NSRT

**Q.55** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(i) गलनांक, कणों के बीच आकर्षण बलों की सामर्थ्य को दर्शाता है।
(ii) गलन के दौरान, ठोस का तापमान पूरी तरह गलित हो जाने तक नियत रहता है।
(iii) क्वथन एक पृष्ठ परिघटना है।
(iv) 373 K पर भाप की ऊर्जा, 373 K पर जल की ऊर्जा से अधिक होती है।

**Ans**
- ✔ A. केवल (i), (ii) और (iv)
- ✘ B. (i), (ii), (iii) और (iv)
- ✘ C. केवल (ii) और (iii)
- ✘ D. केवल (i), (iii) और (iv)

**Q.56** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$6\frac{4}{11} \div 3\frac{2}{11} \text{ of } 2 + 5\frac{1}{3} \text{ of } \frac{3}{8} \div 4 + 5 \times 2$$

**Ans**
- ✔ A. 11.5
- ✘ B. 18
- ✘ C. 14
- ✘ D. 16.5

**Q.57** निम्नलिखित में से कौन-सी नदियाँ भारत में सबसे बड़ा डेल्टा बनाती हैं?

**Ans**
- ✔ A. गंगा और ब्रह्मपुत्र
- ✘ B. यमुना और चंबल
- ✘ C. महानदी और कृष्णा
- ✘ D. गोदावरी और कावेरी

**Q.58** यौगिक और कार्बन-कार्बन आबंध के प्रकार के बीच सही मिलान की पहचान करें।

| यौगिक | C–C आबंध के प्रकार |
|---|---|
| (i) एथेन | (a) द्वि-आबंध |
| (ii) एथीन | (b) एकल आबंध |
| (iii) एथाइन | (c) त्रि-आबंध |

**Ans**
- ✔ A. i–b, ii–a, iii–c
- ✘ B. i–c, ii–b, iii–a
- ✘ C. i–a, ii–b, iii–c
- ✘ D. i–b, ii–c, iii–a

**Q.59** प्रारंभ में, किसी कस्बे की जनसंख्या 80,000 थी, और वह R% की दर से बढ़ रही है। यदि तीन वर्ष बाद जनसंख्या 1,06,480 हो जाती है, तो R का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 11.5
- ✘ B. 11
- ✘ C. 9.5
- ✔ D. 10

Adda247

Q.60 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ रज़ाईयाँ, टेलीविज़न हैं।
कुछ टेलीविज़न, लाइट हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ रज़ाईयाँ, लाइट हैं।
(II) सभी लाइट, टेलीविज़न हैं।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.61 एक स्कूल-लाइब्रेरी में फिक्शन पुस्तकों और नॉन-फिक्शन पुस्तकों का अनुपात 4 : 3 है। यदि वहां 240 फिक्शन पुस्तकें हैं, तो कितनी नॉन-फिक्शन पुस्तकें होंगी?

Ans
✗ A. 200 पुस्तकें
✓ B. 180 पुस्तकें
✗ C. 140 पुस्तकें
✗ D. 160 पुस्तकें

Q.62 नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं, केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) 6 2 1 5 7 3 7 8 5 3 4 5 2 4 8 4 3 6 9 7 4 2 1 5 7 9 1 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक विषम अंक भी है?

Ans
✓ A. 4
✗ B. 5
✗ C. 2
✗ D. 3

Q.63 किसी माध्यम का निरपेक्ष अपवर्तनांक, ___________ में प्रकाश की चाल और __________ में प्रकाश की चाल का अनुपात होता है।

Ans
✗ A. वायु; माध्यम
✓ B. निर्वात; माध्यम
✗ C. माध्यम; निर्वात
✗ D. माध्यम; वायु

Q.64 यदि एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 10 $cm^2$ है और इसका एक अंतःकोण 150° है, तो समचतुर्भुज का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $10$
✓ B. $8\sqrt{5}$
✗ C. $20$
✗ D. $4\sqrt{2}$

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.65 नीचे दो कथन दिए गए हैं। इन कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: पदार्थ के कण निरंतर गतिमान रहते हैं, अर्थात उनमें गतिज ऊर्जा होती है।
कथन II: तापमान में वृद्धि के साथ, कणों की गतिज ऊर्जा भी बढ़ जाती है।

Ans
✗ A. दोनों कथन असत्य हैं।
✗ B. कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।
✗ C. कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।
✓ D. दोनों कथन सत्य हैं।

Q.66 जब किसी वस्तु पर कार्यरत बल असंतुलित हों, तो क्या होगा?

Ans
✗ A. वस्तु का वेग नियत रहेगा।
✗ B. वस्तु स्थिर रहेगी।
✓ C. वस्तु, नेट बल की दिशा में त्वरित होगी।
✗ D. वस्तु की दिशा परिवर्तित नहीं होगी।

Q.67 कार्बन चक्र में, निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया कार्बन डाइऑक्साइड को वायुमंडल में वापस मुक्त करती है?

Ans
✗ A. कार्बन प्रच्छादन
✓ B. श्वसन
✗ C. स्वांगीकरण
✗ D. प्रकाश संश्लेषण

Q.68 पशु शरीर में उपकला ऊतक का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
✗ A. संकुचन और गति
✗ B. समन्वय और नियंत्रण
✗ C. ऑक्सीजन का परिवहन
✓ D. आवरण और सुरक्षा

Q.69 एक व्यक्ति 200 km की दूरी 50 km/hr की चाल से और अगली 300 km की दूरी 60 km/hr की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात करें।

Ans
✓ A. 55.56
✗ B. 60.55
✗ C. 50.55
✗ D. 45.55

Q.70 निम्नलिखित में से किस परिघटना के कारण सर्दियों के दौरान उत्तर-पश्चिमी भारत में अचानक वर्षा होती है?

Ans
✗ A. अल नीनो
✓ B. पश्चिमी विक्षोभ
✗ C. दक्षिण-पश्चिम मानसून
✗ D. बंगाल की खाड़ी से आने वाले चक्रवात

Q.71 1920 में महात्मा गांधी ने किस घटना के कारण असहयोग आंदोलन शुरू किया?

Ans
✗ A. बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी
✗ B. साइमन कमीशन का भारत आगमन
✓ C. जलियांवाला बाग हत्याकांड
✗ D. बंगाल विभाजन

Adda247

Q.72 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. QTO
- ✗ B. ORM
- ✗ C. SVQ
- ✓ D. MPL

Q.73 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने भारत के राष्ट्रपति को 101वें संविधान अधिनियम, 2016 के लागू होने की तिथि से साठ दिनों के भीतर एक आदेश द्वारा जीएसटी परिषद गठित करने का अधिकार प्रदान किया है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 239-A
- ✗ B. अनुच्छेद 329-A
- ✗ C. अनुच्छेद 280
- ✓ D. अनुच्छेद 279A(1)

Q.74 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 P 2 R 4 Q 2 S 6 P 2 R 1 = ?

Ans
- ✗ A. 43
- ✓ B. 45
- ✗ C. 42
- ✗ D. 48

Q.75 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
COZ SYE ROB HEM
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.76 26 जनवरी 2020 को किस केंद्र शासित प्रदेश को दादरा और नगर हवेली के साथ मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया?

Ans
- ✗ A. चंडीगढ़
- ✗ B. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
- ✓ C. दमन और दीव
- ✗ D. पुदुचेरी

Q.77 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'come on time' को 'lk pg jk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'on the way' को 'tm jk po' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'on' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans
- ✗ A. pg
- ✗ B. po
- ✓ C. jk
- ✗ D. tm

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.78 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए

(बाएं) G D U E Y Q E W P A E U S J F D A M B N U (दाएं)

यदि श्रृंखला से सबसे पहले G को हटाते हुए एकांतर अक्षरों को हटा दिया जाए, तो नई श्रृंखला में बाएं से सातवां अक्षर कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. U
- ✗ B. A
- ✓ C. J
- ✗ D. D

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ओडिशा तट पर ब्रिटिश द्वारा तट नहर के निर्माण के परिणाम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. समानांतर रेलवे लाइनों के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य हो गया।
- ✓ B. यह अलाभप्रद साबित हुआ और अंततः रेलवे से प्रतिस्पर्धा के कारण इसे परित्यक्त कर दिया गया।
- ✗ C. यह परिवहन का एक प्रमुख साधन बन गया, जिससे क्षेत्र में रेलवे का उपयोग कम हो गया।
- ✗ D. यह अत्यधिक सफल रहा और इससे क्षेत्र के व्यापार में सुधार हुआ।

Q.80 ओलंपिक (स्वतंत्रता के बाद) के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय कौन हैं?

Ans
- ✗ A. सुशील कुमार
- ✗ B. नीरज चोपड़ा
- ✗ C. अभिनव बिंद्रा
- ✓ D. मनु भाकर

Q.81 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के बायें से गिनने पर, R और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, B के बायें तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, B के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। Q, R के बायें दूसरे स्थान पर बैठा है। C, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दायें तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. R
- ✗ B. B
- ✗ C. D
- ✓ D. Q

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

DEW30 JKC45 PQI60 VWO75 ?

Ans
- ✗ A. BDU90
- ✗ B. BCV90
- ✓ C. BCU90
- ✗ D. ECU90

Q.83 मई 2025 में, खेलो इंडिया बैनर के अंतर्गत आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स (KIYG) का पहला संस्करण किस स्थान पर आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ A. विशाखापत्तनम
- ✗ B. पणजी
- ✓ C. दीव
- ✗ D. चेन्नई

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.84** सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। केवल H को E के ऊपर रखा गया है। E और S के बीच केवल T रखा गया है। U के नीचे केवल F रखा गया है।
G और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

**Q.85** हरित क्रांति ने मशीनरी के उपयोग के संबंध में खेती के समय और उत्पादकता को किस प्रकार प्रभावित किया?

**Ans**
- ✗ A. मशीनरी के उपयोग से कोई परिवर्तित नहीं हुआ, इसलिए खेती के समय या उत्पादकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।
- ✓ B. मशीनरी के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता बढ़ी और खेती में कम समय लगा।
- ✗ C. इसका प्रभाव केवल पारंपरिक हाथ के औजारों पर पड़ा, जिससे खेती का समय बढ़ गया और उत्पादकता कम हो गई।
- ✗ D. कृषि मशीनरी पर निर्भरता कम हो गई और परिणामस्वरूप उत्पादकता कम हो गई।

**Q.86** यदि $\left(\frac{5}{3}\right)^{x-3} = \frac{3125}{243}$ है, तो $\left(\frac{5}{3}\right)^{\frac{x}{2}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{5}{3}$
- ✗ B. $\frac{25}{9}$
- ✗ C. $\frac{125}{27}$
- ✓ D. $\frac{625}{81}$

**Q.87** राजू ने गणित और भौतिक विज्ञान में क्रमशः 75 और 85 अंक प्राप्त किए। तीनों विषयों में औसत अंक 80 प्राप्त करने के लिए उसे रसायन विज्ञान में कितने अंक प्राप्त करने होंगे?

**Ans**
- ✗ A. 90
- ✓ B. 80
- ✗ C. 60
- ✗ D. 70

**Q.88** जुलाई 2025 में, इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) से निसार उपग्रह को प्रक्षेपित करने के लिए किस प्रक्षेपण यान का उपयोग किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. GSLV-F16
- ✗ B. PSLV-C61
- ✗ C. GSLV-F15
- ✗ D. PSLV-C60

**Q.89** उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(31, 58, 85)
(64, 91, 118)

**Ans**
- ✓ A. (52, 79, 106)
- ✗ B. (68, 95, 112)
- ✗ C. (31, 58, 75)
- ✗ D. (76, 103, 120)

Adda247

Q.90 गुरुत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans
✔ A. इसका उपयोग ग्रहों के जीवनकाल का अध्ययन करने के लिए किया जाता है।
✗ B. इसका उपयोग सूर्य का द्रव्यमान निर्धारित करने के लिए किया जाता है।
✗ C. यह नए तारों और ग्रहों की खोज में मदद करता है।
✗ D. इसका उपयोग पृथ्वी के चारों ओर चंद्रमा की गति का अध्ययन करने के लिए किया जाता है।

Q.91 एक कंप्यूटर गेम में, एक बिल्डर 10 घंटे में एक दीवार बना सकता है जबकि एक डिस्ट्रॉयर 20 घंटे में उस दीवार को पूरी तरह से ध्वस्त कर सकता है। शुरुआत में, बिल्डर और डिस्ट्रॉयर दोनों को एक बेसिक लेवल पर काम करने के लिए एक साथ रखा गया। लेकिन 15 घंटे बाद, डिस्ट्रॉयर को हटा दिया गया। दीवार बनाने में लगा कुल समय (घंटे में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 16
✗ B. 17
✗ C. 16.5
✔ D. 17.5

Q.92 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLAM' को '4236' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MALE' को '4396' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans
✔ A. 9
✗ B. 4
✗ C. 3
✗ D. 2

Q.93 अगस्त 2025 में, भारत सरकार ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के अंतर्गत चार सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिन्हें ₹4,600 करोड़ के परिव्यय के साथ किन तीन राज्यों में स्थापित किया जाना है?

Ans
✗ A. पंजाब, बिहार और गुजरात
✗ B. महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश
✗ C. गुजरात, असम और आंध्र प्रदेश
✔ D. ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश

Q.94 निम्नलिखित में से किस राज्य में दो सदन हैं, जिन्हें विधान परिषद और विधान सभा (द्विसदनी विधानमंडल) के रूप में जाना जाता है?

Ans
✗ A. राजस्थान
✗ B. गुजरात
✗ C. पंजाब
✔ D. बिहार

Q.95 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

81 97 ? 141 169 201

Ans
✗ A. 101
✗ B. 111
✗ C. 123
✔ D. 117

Q.96 एक बुकस्टोर एक स्कीम पेश करता है: '₹1,200 या उससे अधिक मूल्य की पुस्तक की खरीद पर ₹200 की छूट।' यदि कोई ग्राहक ₹1,500 की पुस्तकें खरीदता है, तो प्रभावी छूट प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✗ A. $15\frac{2}{3}\%$
✗ B. $16\frac{1}{3}\%$
✔ C. $13\frac{1}{3}\%$
✗ D. $12\frac{2}{3}\%$

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.97 किस ब्रिटिश नीति ने उन भारतीय राज्यों को अपने में मिलाने की अनुमति दी जिनके शासक बिना किसी स्वाभाविक उत्तराधिकारी के मर गए?

Ans
✔ A. व्यपगत सिद्धांत
✗ B. सहायक संधि
✗ C. स्थायी बंदोबस्त
✗ D. द्विपक्षीय शासन

Q.98 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

XZA–YAB
CEF–DFG

Ans
✔ A. JLM–KMN
✗ B. JLM–JMM
✗ C. JKK–JLM
✗ D. JKK–KMN

Q.99 अगस्त 2025 में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना की 20वीं किस्त किस स्थान से जारी की?

Ans
✗ A. भागलपुर
✔ B. वाराणसी
✗ C. दरभंगा
✗ D. प्रयागराज

Q.100 निम्नलिखित बंटन की माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 120-170 | 170-220 | 220-270 | 270-320 | 320-370 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 33 | 13 | 10 | 31 | 11 |

Ans
✗ A. 237
✔ B. 235
✗ C. 219
✗ D. 229

Adda247